an>

Title: Issue regarding scandal in Pearl group chit fund case.

श्री धर्म वीर गांधी (पटियाला) : माननीय उपाध्यक्ष जी, पंजाब में परल नाक चिट फंड कंपनी ने लोगों से सरकारी सरपूस्ती के नाम पर, सरकारी विश्वसनीयता के नाम पर करोड़ों अरबों रुपए ऐंठ लिए हैं। इस पैसे से बहुत बड़ी अस्पतालों और इंडस्ट्री की सल्तनत बना ली है। जब समय पूरा हुआ, अवधि पूरी हुई, तब लोग पैसे लेने गए लेकिन उन्हें अंगूठा दिखा दिया गया। अब ये लाखों लोग बहुत संकट में हैं और पैसा वापस मांग रहे हैं जबकि कंपनी ने पैसा निवेश कर लिया। इस कारण बहुत लोगों ने आत्महत्या कर ली है और सैंकड़ों लोग मर चुके हैं। यह बहुत बड़ा स्कैंडल है, शारदा से भी बड़ा स्कैंडल है। यह पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पूरे देश में फैला है।

मेरा आपके माध्यम से वित मंत्री से मांग है इस तरफ विशेष ध्यान दें ताकि इन लोगों के साथ न्याय हो सके।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री धर्म वीर गांधी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।